हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 19 नवंबर 2025
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 जनवरी से शुरू होगा मीथेन गैस निकालने का काम



08 ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक ...




## सर्दियों का रोमांच लेने पर्यटक पहुंच रहे मढ़ई, रोजाना टैक्सियों की बुकिंग भी हो रही फुल, देश से ही नहीं विदेशों से भी आए काफी संख्या में सैलानी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

ठंड का मौसम आते ही सूर्योदय एवं सूर्यास्त दोनों के ही क्षण सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के आसपास आकर्षक प्राकृतिक स्वरूप बना देते हैं। जिन्हें देखने पर्यटक देश विदेश से लगातार सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की मढ़ई जोन पहुंच रहे हैं। प्राकृतिक सौंदर्य तथा वन्यजीवों की उपस्थिति की की जुगलबंदी ने पर्यटकों की आमद रिजर्व क्षेत्र में बढ़ा दी है।

### डैम हुए लबालब तो दिख रहा समुद्र जैसा नजारा, पर्यटक हो रहे रोमांचित



अच्छी बारिश के चलते तवा डैम का बैकवाटर एरिया जल से लबालब है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टूरिज्म जोन मढ़ई के समीप का क्षेत्र अथाह जल राशि से घिरा है और प्रकृति अपने सुंदरतम स्वरूप में है। जब बोट बैकवाटर से आती-जाती हैं तो नजारा किसी समुद्री क्षेत्र की भांति नजर आता है। वहीं मढ़ई के वनक्षेत्र में अनेक प्रकार की संरक्षित और अनोखी प्रजातियों के पक्षी मिलते हैं जिन्हें देखने के लिए दूर दूर से शोधार्थी पचमढ़ी पहुंच रहे हैं। वहीं जंगलों में वन्य प्राणियो की चहलकदमीं भी रोमांचित कर रही है।

### कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ जनसुनवाई का आयोजन, 52 पीड़ितों के आवेदन आए

# समस्याओं को रखा कलेक्टर के समक्ष नागरिकों को मिला त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका उचित समाधान किया। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने कुल 52 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने आवेदकों को उनकी समस्या तथा अन्य विषयों के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नागरिकों की समस्या के त्वरित समाधान सुनिश्चित करने हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित एसडीएम तहसीलदार तथा अन्य अधिकारियों को मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व में दर्ज जनसुनवाई आवेदनों की वस्तु स्थिति की समीक्षा की।

### शासन के निर्देश पर जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई कार्यक्रम का अयोजन किया गया जिमसें 52 आवेदनों का निराकरण किया गया।



#### जाति प्रमाण पत्र बनाने में हो रही समस्या का समाधान

कलेक्टर ने जनसुनवाई में पहुंची राजनंदिनी सूर्यवंशी की जाति प्रमाण पत्र न बन पाने की समस्या का निराकरण करते हुए आवेदक को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कोर्ट में प्रकरण प्रस्तुत करने के लिए मार्गदर्शन दिया। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को निर्देश दिए कि उक्त आवेदन की जांच कर जाति प्रमाण पत्र बनने में आ रही समस्याओं का निराकरण के निर्देश दिऐ।

#### नरवाई जलने से विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त, जांच कर कराई जाए भरपाई

ग्राम पांजरा कला के निवासी भोला राम बकोरिया द्वारा कलेक्टर को अवगत कराया गया कि खेत में विद्युत मोटर चलाने हेतु बिछाई गई विद्युत लाइन बार-बार नरवाई जलाने के कारण जलकर नष्ट हो जाती है जिससे मोटर चलाने में बाधा उत्पन्न होती है तथा सिंचाई प्रभावित हो जाती है। भोले राम बकोरिया द्वारा विद्युत लाइन की उचित क्षतिपूर्ति किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर द्वारा उक्त संबंध में निर्देश दिए गए की विद्युत विभाग संबंधित एसडीएम के मार्गदर्शन में जांच कर नरवाई जलाने वाले के विरुद्ध जुर्माने की कार्यवाही कर आवेदक को नियमानुसार क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराएं तथा आवश्यकता अनुसार विद्युत पोल लगाकर विद्युत लाइन सुव्यवस्थित करें।

#### अधिग्रहित भूमि का मुआवजा शीघ्र दिलाने के निर्देश

कलेक्टर ने ग्राम सोनपुर निवासी तोलाराम के आवेदन का निराकरण करते हुए एसडीएम सोहागपुर को निर्देश दिए कि आवेदक की कृषि भूमि वन विभाग के द्वारा अधिग्रहित की गई थी जिसके विरुद्ध आवेदक को मुआवजा प्रदान किया जाए। एसडीएम सोहागपुर द्वारा कलेक्टर को अवगत कराया गया कि कार्यवाही प्रचलन में है तथा शीघ्र ही आवेदक को उनकी भूमि का मुआवजा उपलब्ध करवा दिया जाएगा।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर काटा गया वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विधानसभा क्षेत्र मे पिपरिया बनखेड़ी विकासखंड के लगभग 30 कर्मचारी जिनमें 6 अधिकारी सहित 36 लोगो के वेतन निर्वाचन अधिकारी आकिप खान ने एसआई आर कार्य में धीमी प्रगित लाने तथा समय सीमा में लापरवाही बरतने के कारण 1 दिन का वेतन काटा है।

विदित हो कि इन दिनों जिले में मतदाता सूची में गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। जिसमें डिप्युटी पर लगे कर्मचारियों में प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक सहित जनपद पंचायत क्षेत्र के सीईओ से लेकर कालेज के तथा आई टी आई बीजनवाडाके प्राचार्य भी शामिल हैं।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कई बार समझाईश देने केबाद भी निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारीके द्वारा समय सीमा में उपस्थिति तथा समयसीमा में जानकारी दस्तावेज के साथ जमा नहीं की जा रही थी। पूर्व में बताओ नोटिस भी जारी किए थे। लेकिन उसके बाद भी कार्य में सुधार नहीं किया गया। इस पर 30 कर्मचारी के 1 दिन का तथा 6 कर्मचारियों का 2 दिन का वेतन काटा गया है।

## माखननगर मंडी में फ्लैट कांटे से की जा रही है तौल, फर्म किसानों को कर रही नगद भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर क्षेत्र के किसानों के लिए अच्छी खबर है कृषि उपज मंडी में व्यापारियो की फर्म धान की खरीदी कर रही हैं फ्लैट कांटे से तुलाई हो रही है एवं किसानों को नगद भुगतान किया जा रहा है।

जिले की व्यावसायिक फर्म एवं विभिन्न राइस मिल के प्रतिनिधि किसानों से धान की खरीदी कर रहे हैं प्रतिदिन धान की क्वालिटी देखकर रिच फॉर्म राइस मिल, दुर्गेश राइस मिल, जय गिरिराज राइस मिल पिपरिया, जय कान्हा राइस मिल शोभापुर किसानों से धान खरीद रहे हैं और नगद भुगतान किया जा रहा है मंडी समिति की ओर से बताया गया वर्ष 2024, 16नवंबर तक में आठ हजार चार सौ पचास क्विंटल धान की खरीदी हुई थी 2025 में 16 नवंबर तक ग्यारह हजार



साठ क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है इस वर्ष लगभग पंद्रह हजार क्विंटल से ज्यादा धान की खरीदी होने की उम्मीद है जहां मंडी का राजस्व बढ़ेगा वहीं स्थानीय स्तर पर किसानों को अपनी फसल का उचित मूल्य और नगद भुगतान भी प्राप्त होगा क्षेत्र के सभी किसान अपनी उपज माखन नगर मंडी में लेकर आए सही तोल के साथ नगद भुगतान प्राप्त करें

## हार्टफुलनेस संस्था ने कॉलेज में किया संगोष्ठी आयोजन, मनोविकार से मुक्ति के बताए उपाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर के पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो द्वारा बाल संरक्षण सप्ताह अंतर्गत विधिक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में सप्ताह के पांचवे दिन मंगलवार को कॉलेज में 'मानसिक स्वास्थ्य एवं ऑनलाइन शोषण' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हार्टफुलनेस संस्था द्वारा किया गया। जिसमें कॉलेज प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा, प्राध्यापक विजय कुशवाहा, मास्टर ट्रेनर रामकिशोर



दुबे, प्रियंका तिवारी, मोनिका दीक्षित, रासेयो अधिकारीद्वय आसिया खान व जीएस ठाकुर एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।संगोष्ठी में मास्टर ट्रेनर रामकिशोर दुबे ने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाना अति आवश्यक है। दुबे ने कहा कि ऑनलाइन शोषण बहुत बड़ी समस्या का रूप ले रहा है। जिससे बचने के लिए दुबे ने ध्यान, योग व सकारात्मकता का विकास करने एवं मानसिक बोझ से मुक्त होने के अनेक उपाय बताए।

## दो महिला बीएलओ ने पूर्ण किया मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण, किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

विधानसभा क्षेत्र सोहागपुर क्रमांक 138 में दो बीएलओ ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को पूर्ण कर लिया है। जिस पर उनका सम्मान किया गया है। दोनों ही बीएलओ महिलाएं हैं। सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय स्थित निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार बीएलओ वर्षा गोस्वामी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मतदान केंद्र 195 ग्राम लखनपुर तथा बीएलओ निशा ठाकुर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मतदान केंद्र 256 ग्राम बमारी के द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सबसे पहले किया है। दोनों ही बीएलओ द्वारा सबसे पहले कार्य




पूर्णता पर दोनों को ही सम्मानित किया गया है। सोहागपुर ब्लॉक मुख्यालय स्थित नई तहसील की निर्वाचन शाखा में सम्मान कार्यक्रम किया गया है। जिसमें सोहागपुर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने तहसीलदार आरके झरबड़े तथा निर्वाचन शाखा के कर्मचारी संदीप कुशवाहा, विपिन गिल्ला, प्रोग्रामर अमित मिश्रा एवं उमेश रघुवंशी की उपस्थिति में दोनों बीएलओ को सम्मानित किया। दोनों को ही कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं।

## सिवनी मालवा में आठ उपार्जन केंद्र बने, 1 दिसंबर से होगी खरीदी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सखरीफ विपणन मौसम 2025–26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन को लेकर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में 1 दिसंबर से 20 जनवरी 2026 तक धान खरीदी की जाएगी। जारी आदेश में पूरे जिले में 26 उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें से सिवनी मालवा तहसील में कुल 8 उपार्जन केंद्रों को मंजूरी दी गई है।

इससे क्षेत्र के हजारों किसानों को बड़ी राहत मिलने वाली है। कलेक्टर कार्यालय से जारी उपार्जन आदेश के मुताबिक सिवनी मालवा में खरीदी के लिए जिन केंद्रों को स्वीकृति दी गई है उनमें शामिल हैं। सभी केंद्र गोदाम परिसर आधारित होंगे, जिससे खरीदी और भंडारण प्रक्रिया और अधिक व्यवस्थित होगी।

कलेक्टर के आदेश के अनुसार प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर बायोमेट्रिक मशीन, उच्च गुणवत्ता वाले तौल कांटे, इंटरनेट व्यवस्था, किसानों के लिए पेयजल व शौचालय, प्रतीक्षा कक्ष, प्रशासनिक हॉल, गुणवत्ता परीक्षण लैब, अग्नि सुरक्षा साधन, वे-विज आदि सुविधाओं को अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाएगा। उपार्जन केंद्रों पर किसानों को एफओक्यू मापदंडों के अनुसार धान बेचने की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### कॅरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन

**माखननगर।** सोमवार को माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में प्राचार्य डॉ नीता चौबे के कुशल नेतृत्व एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर क्षमा मेहरा के मार्गदर्शन में कैरियर काउंसलिंग संचालन शिविर आयोजित किया गया, रोजगार कार्यालय से आए मुख्य वक्ता कैरियर काउंसलर जितेंद्र राजपूत द्वारा केंद्रीय और स्टेट गवर्नमेंट प्रतियोगिता परीक्षाओं पर प्रकाश डाला, स्वाति गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों की कमजोरी पर विस्तार से जानकारी साझा की । स्वाति गुप्ता के साथ विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी कर कमजोरी से कैसे पीछा छुड़ाएं इस समस्या के समाधान पर खुलकर चर्चा की। अनुपम तिवारी द्वारा विद्यार्थियों को स्वयं के व्यवसाय पर व्याख्यान दिया।

## सेमरी हरचंद के 684 विद्यार्थियों ने दी ओलंपियाड परीक्षा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

संकुल केंद्र के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अंतर्गत आने वाले समस्त स्कूलों के 684 छात्र-छात्राओं ने ओलंपियाड परीक्षा में भाग लिया जिसमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैं कक्षा 2 से कक्षा आठ तक 258 छात्र-छात्राओं में से 248 छात्र छात्राओं ने ओलंपियाड परीक्षा में भाग लिया वहीं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 2 से कक्षा 8 तक 4 68 छात्र-छात्राओं में से 436 छात्र छात्राओं ने ओलंपियाड परीक्षा में हिस्सा लिया। संकुल प्राचार्य शीला चौधरी ने बताया कि बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं ओ एम आर शीट के माध्यम से उत्तर लिखना सीखने के लिए ओलंपियाड परीक्षा आयोजन होता है यह प्रथम चरण की परीक्षा संपन्न हुई।

### नर्मदा संस्कृति उत्सव 2025 हुआ संपन्न, कई कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति

# शास्त्रीय, सुगम, लोक संगीत के गायन-वादन का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दो दिवसीय 'नर्मदा संस्कृति उत्सव 2025' का आयोजन नर्मदापुरम् कला जगत के तत्वावधान में 15 एवं 16 नवंबर को सेठानी घाट स्थित तिलक भवन में सम्पन्न हुआ। जिसमें देश के कीयतिनाम श्रेष्ठ अतिथि कलाकारों के साथ हमारे नगर के उदीयमान कलाकारों ने भी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देकर संस्कृति उत्सव को गरिमा प्रदान की।




प्रथम दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पं. गिरिजाशंकर शर्मा पूर्व विधायक नर्मदापुरम एवं समाजसेवी राकेश फौजदार द्वारा मां सरस्वती पूजन, वंदन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रथम प्रस्तुति अथर्व दुबे ने सारंगी पर मधुवंती राग में छोटा ख्याल का वादन प्रस्तुत कर श्रोताओं की वाहवाही बटोरी, जिसमें विपुल दुबे ने तबले पर संगत की।

द्वितीय प्रस्तुति में भोपाल से पधारे वरिष्ठ सितार वादक श्याम वैष्णव ने अपने मधुर सितार वादन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं इंदौर से पधारे शिवांश सोनी ने तबला पर उत्कृष्ट संगत की। तृतीय प्रस्तुति तालवृंद के अंतर्गत सुरवाणी संस्थान के संस्थापक रामसेवक शर्मा के शिष्यों सुमुख दीवान, कुशाग्र सैनी,यश यादव, अन्वय परसाई ने तीनताल में कायदा, टुकड़ा और परन आदि की प्रस्तुति दी ।

हारमोनियम पर लहरा संगत उदित नारायण तिवारी ने की। कार्यक्रम के अंत में जबलपुर से पधारे आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के ए ग्रेड कलाकार प्रकाश तिवारी ने भजन - आज मोहे रघुवर की सुध, देखो री सखी गीत, ग़ज़लें - इश्क की चिंगारियां, चांद से चेहरे को, हसरतें जैसी ग़ज़लें व बुन्देली लोकगीत - महिमा नरबदा की, नर्मदा मैया हो बम्बुलिया भजन गाकर श्रोताओं को भवविभोर कर दिया। आपके साथ हारमोनियम पर राम परसाई, तबला पर शिवांश सोनी व ढोलक पर सक्षम पाठक ने संगत की।द्वितीय दिवस नर्मदापुरम के नीवा फ्यूजन बैंड के कलाकारों आदित्य परसाई, ऋत्विक राजपूत, प्रसंग तोमर, विपुल दुबे, विशाल सगर, सक्षम पाठक, निकुंज सैनी, यश मालवीय ने नर्मदाष्टक, मधुराष्टकं, शिव पंचाक्षर स्त्रोत व भज गोविंदम मूढ मते भजन का मधुर प्रस्तुतियाँ दी। नई दिल्ली से पधारे मोनीदीप मित्रा ने हवाइन गिटार पर राग हेमंत में आलाप, जोड़, झाला, विलंबित आदि तीनताल में मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रोताओं की वाहवाही बटोरी और पहाड़ी धुन बजाकर वादन का समापन किया। तबला संगत शिवांश सोनी ने की ।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिजाशंकर शर्मा पूर्व विधायक, अरुण शर्मा तथा भालचंद्र खड्डूर, शिव दीक्षित, आनंद नामदेव, प्राणकृष्णसाईं, केशव मिश्रा सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित रहे। डॉ संतोष व्यास, राकेश दुबे, मनोज परसाई, राजेश कुलश्रेष्ठ, स्वप्निल छेनिया, सुनील चौरे, विजय पालीवाल, अर्कजीत सिंह चड्ढा ने आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था संभाली।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने की छात्र की संदिग्ध मौत की निष्पक्ष जांच की मांग

**शाहपुर।** घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने ग्वालियर में एमबीबीएस के छात्र यशराज उईके की संदिग्ध मौत की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश को पत्र लिखकर इस मामले में उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की है। विधायक उईके ने पत्र में कहा है कि यशराज उईके की मौत कॉलेज हॉस्टल से गिरने के कारण हुई है, लेकिन परिवारजनों और क्षेत्रवासियों को इस घटना को लेकर कई प्रकार की शंकाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही या प्रताडऩा के संकेत मिलते हैं तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए। विधायक उइके ने कहा कि यशराज उईके एक होनहार छात्र थे और उनके परिवार के लिए यह एक बड़ा दुख है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले को लेकर परिवार के साथ हैं और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल

**बैतूल।** बैतूल बाजार रोड पर सोमवार रात भीषण सडक़ हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा हनुमान मंदिर के सामने हुआ। जानकारी के अनुसार, बैतूल बाजार निवासी मोंटी पवार (22) पिता मुन्ना पवार हलवाई अपने साथी नितिन गायकवाड के साथ बाइक से बैतूल बाजार की ओर आ रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन का टायर मोंटी के सिर के ऊपर से गुजर गया। सिर बुरी तरह कुचल जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं नितिन गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल नितिन को राहगीरों की मदद से बड़ोरा स्थित गुरुकृपा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर बैतूल बाजार नगर निरीक्षक अंजना धुर्वे टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और शव को जिला अस्पताल भिजवाया। टीआई अंजना धुर्वे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ है कि मोंटी किसी भारी वाहन की चपेट में आया। उसका सिर पूरी तरह कुचल गया था। उन्होंने कहा कि अगर वह हेलमेट पहने होता तो उसकी जान बच सकती थी। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हादसे के समय सडक़ से गुजरे वाहनों की पहचान के लिए पुलिस आसपास के ढाबों और दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### छह आयुर्वेदिक दवाएं अमानक घोषित,खरीदी बिक्री पर लगाई रोक

**बैतूल।** जिले में आयुर्वेदिक दवाओं की गुणवत्ता जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि आयुर्वेदिक औषधि कफ कुठार रस, लक्ष्मी विलास रस (नारदीय), प्रवाल पिष्टी, मुक्ताशुक्ति, गिलोय सत्व और कामदुधा रस की जांच राज्य स्तरीय शासकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला ग्वालियर में की गई, जिसमें सभी दवाएं एनएसक्यू यानी मानक विहीन पाई गईं। इसके बाद इन दवाओं की खरीद तथा बिक्री पर जिले में तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। जिला आयुष अधिकारी द्वारा जारी आदेश में बताया कि डाबर इंडिया लिमिटेड साइट आईवी साहिबाबाद (उप्र.) की कफ कुटार रस लक्ष्मी विलास रस नारदीय परीक्षण में फेल पाए गए हैं। इसी तरह श्री धन्वंतरी हर्बल्ला विपेज किशनपुरा पीओ गुरुमाजरा तहसील बदी जिला सोलन एचपी में निर्मित आयुर्वेदिक औषधि मुक्ता शूक्ति भी एनएसक्यू पाई गई हैं। इसी तरह शर्मायू जेन्यून आयुर्वेद श्री शर्मा आयुर्वेद मंदिर दतिया में निर्मित गिलोय सत्व एवं कामदूधा भी मानक पर खरी नहीं उतरीं। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 और नियम 1945 की धारा 33ईई के तहत इन दवाओं को अमानक घोषित किया गया है और जिला आयुष अधिकारी ने सभी औषधि विक्रेताओं को आदेश जारी करते हुए कहा है कि उपरोक्त कंपनियों के बैच नंबरों की दवाएं न खरीदें और न बेचें।

### घोड़ाडोंगरी और शाहपुर क्षेत्र में 37 हजार 313 हेक्टेयर में मिला शुद्ध मीथेन का भंडारण

# जनवरी से शुरू होगा मीथेन गैस निकालने का काम




संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

जिले के घोड़ाडोंगरी और शाहपुर क्षेत्र में 37 हजार हेक्टेयर में मीथेन गैस का भंडारण मिला है। यहां से मीथेन गैस निकालने के लिए काम की शुरुआत जनवरी में होगी। पांच गैस गैदरिंग स्टेशन और 22 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई जाएगी, वहीं छोटे-छोटे टैंक जैसे कुएं- कैप्सूल भी बनेंगे और बैतूल में घरों में सप्लाई के लिए अलग से छोटी पाइप लाइन बिछाने की योजना भी बन सकती है। दरअसल शाहपुर और घोड़ाडोंगरी में नोएडा की इन्वेनायर पेटोडायन कंपनी ने सर्वे पूरा कर पाइप लाइन का रूट बना लिया है। अब जनवरी 2026 से गैस गैदरिंग प्लांट लगाएगी। इसके बाद पहले से बिछी एलपीजी की पाइप लाइनों को तलाशकर और नई पाइप लाइन बिछाकर इन्हें इंडस्ट्रीज और घरों में ईंधन के रूप में पहुंचाने का नेटवर्क बनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि गैस गैदरिंग प्लांट से पाइप लाइनों के जरिए प्रोसेसिंग आर कंप्रेसिंग करते हुए सीधे इस्तेमाल करने लायक बनाकर जरूरत वाली जगहों पर भेजा जाएगा।

#### 1771 वर्ग किमी क्षेत्र में किया था सर्वे

इन्वेनायर पेटोडायन कंपनी नोएडा ने पेट्रोलियम एक्सप्लोरेशन लाइसेंस लेकर 1771 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में सर्वे किया था। सर्वे में 5 जगहों से 37 हजार 313 हेक्टेयर में बेहद अच्छी क्वालिटी की ज्वलनशील और शुद्ध मीथेन का भंडारण मिला है। इस गैस को निकालने के लिए 5 जगह पर खुदाई की जाएगी। मीथेन बैतूल के कोसमी औद्योगिक क्षेत्र, मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र, देवास और इंदौर के औद्योगिक क्षेत्रों में तो जाएगी ही, साथ ही बैतूल में घरों में भी इसकी सप्लाई के लिए अलग से छोटी पाइप लाइन बिछाने की योजना है। नोएडा के इनवेनायर कंपनी प्रोजेक्ट इंचार्ज मिनेश भट्ट ने बताया कि बैतूल में जो मीथेन गैस जमीन में दबी है उसे निकालने के लिए जनवरी से काम शुरू किया जाएगा। इसके तहत 22 किमी पाइप लाइन बिछाई जाएगी, पांच गैस गैदरिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। सर्वे करवाकर जमीन और पाइप लाइन का रूट तैयार कर लिया है।

#### गैस को गैदरिंग स्टेशन तक पहुंचाने बनेंगे कूप

22 किलोमीटर एरिया में गैस को 5 गैदरिंग स्टेशन तक पहुंचाने के पहले थोड़ी- थोड़ी दूरी पर 12 से अधिक (कूप) कुंए बनाते हुए आगे बढ़ाया जाएगा। बड़ी पाइप लाइन के जरिए और इसके बाद छोटी पाइप लाइन के जरिए मीथेन को आगे पहुंचाया जाएगा। यानी जिस जगह पर बड़ा टैंक होगा, वहां से डिस्ट्रीब्यूशन के लिए पाइप लाइन की अन्य ब्रांच बनाई जाएंगी। यह पाइप लाइन ईंधन की बहुत ज्यादा खपत वाली जगहों कोसमी औद्योगिक क्षेत्र तक भी पहुंचेगी। यदि अच्छे ईंधन के रूप में यह पाइप लाइन पाई जाती है तो इसे गैस गैदरिंग प्लांट में पाइप लाइन के जरिए भेजने लायक स्थिति में बनाते हुए भेजा जाएगा। इस संबंध में हरिभूमि संवाददाता से चर्चा करते हुए बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि नोएडा की कंपनी के अधिकारी हाल में आए थे। उन्होंने शाहपुर सर्वे में पाइप लाइन का रूट तैयार किया है, जनवरी से काम शुरू किया जाएगा।

#### अच्छी क्वालिटी की है मीथेन गैस

घोड़ाडोंगरी और शाहपुर क्षेत्र में जो मीथेन गैस मिली है, उसकी क्वालिटी अच्छी है। इसकी मात्रा और इसके फ्लो को भी सही पाया गया है। जिसके बाद अब कंपनी प्लांट लगाने की तैयारी कर रही हैं। जनवरी से पाइप लाइन के जरिए मीथेन निकालने काम शुरू किया जाएगा। कंपनी ने सर्वे कर पाइप लाइन का रूट और जगह चिन्हित कर ली है। इससे जिले का डेवलपमेंट होगा, जिले का रेवेन्यू बढ़ने के आसार भी है। बताया जा रहा है कि कई बड़ी कंपनियां इस गैस के उपयोग के लिए कंपनी से संपर्क कर रही हैं। उनके जरिए भी काम आगे बढ़ाया जाएगा।

#### वर्तमान में 1.5 लाख से अधिक है गैस उपभोक्ता

वर्तमान में जिले में 1.5 लाख से अधिक गैस सिलेंडर उपभोक्ता हैं। गैस की खपत भी बहुत ज्यादा है, यदि सब कुछ ठीकठाक रहा और मीथेन की क्वालिटी सही पाई गई तो ऐसे में भविष्य में रसोई गैस के सिलेंडरों की जगह पर मीथेन के नल और नॉब बैतूलवासियों की रसोई में देखने को मिलेंगे। फिलहाल कंपनी जनवरी 2026 से गैस गैदरिंग प्लांट लगाएगी। इसके बाद गैस को निकालने के लिए 5 जगह पर खुदाई की जाएगी। मीथेन बैतूल के कोसमी औद्योगिक क्षेत्र, मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र, देवास और इंदौर के औद्योगिक क्षेत्रों में तो जाएगी ही, साथ ही घरों में भी इसकी सप्लाई की योजना बन रही है।

#### डेवलपमेंट होगा

मीथेन गैस निकालने का काम जिले के घोड़ाडोंगरी और शाहपुर क्षेत्र में आगामी जनवरी से होना संभावित है, इसमें छोटे-छोटे टैंक, कैप्सूल बनेंगे और घरों में सप्लाई के लिए अलग से छोटी पाइप लाइन बिछाने की योजना भी बन सकती है। इसके लिए कंपनी ने सर्वे कर पाइप लाइन का रूट और जगह चिन्हित कर ली है। इससे डेवलपमेंट होगा, जिले का रेवेन्यू बढ़ने के आसार भी है।

\- **मनीष पालेवार**, उप संचालक खनिज विभाग



## बच्चों ने बताया सुरक्षित मोबाइल बैंकिंग का तरीका

**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारनी में कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों हितायाशी, मिशिता, काव्या, ओजस्विनी, तिथि, सृष्टि ने मोबाइल फोन के माध्यम से बैंकिंग सुविधाओं तथा वित्तीय लेनदेन करते समय सावधानी बरतने के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने एक शिक्षाप्रद नाटक का मंचन किया, जिसमें विभिन्न प्रकार की ठगी की घटनाओं से बचने के तरीकों को सरल और समझने योग्य रूप में दिखाया गया। नाटक में यह बताया गया कि ओटीपी साझा करना, वीडियो कॉलिंग के माध्यम से डराना-धमकाना, फर्जी पुलिस या अधिकारी बनकर पैसे मांगना, तथा बैंक कर्मी बनकर निजी जानकारी पूछना जैसी चालों से लोग अक्सर धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। बच्चों ने यह संदेश दिया कि मोबाइल बैंकिंग करते समय सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है और किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक विवरण या ओटीपी कभी भी साझा नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य सभी शिक्षकों और बच्चों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

## आमला की 19 साल की लड़की बनी एयर होस्टेस



### इंडिगो एयरलाइंस में मिली नौकरी

**आमला।** उप नगरी बोडखी से एक लडक़ी की सफलता की कहानी सामने आई है। हाथिया परिवार की 19 वर्षीय बेटी निशिता हाथिया ने इंडिगो एयरलाइंस में एयर होस्टेस बनकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बड़ी मेहनत व लगन से मात्र 12वीं क्लास मैथ्स साइस से 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मध्यप्रदेश शासन से 25000 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि प्राप्त की गई हैं। अपने फर्स्ट ऐटेम में ही इंडिगो एयर लाइन में एयर होस्टेस (क्रू मेम्बर) परीक्षा पास कर यह दिखा दिया कि लडकी लडक़ो से कम नहीं होती। एक मध्यम परिवार से जहां इनके पिता अजय हाथिया पुलिस विभाग मुलताई में प्रधान आरक्षक के पद पर व माता-भारती हाथिया गृहिणी हैं। निशिता हाथिया की एक छोटी बहन वांशिका हाथिया है उसके भी सपने एमबीबीएस डॉक्टर बनने का है, निशिता की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार को गौरवान्वित किया है। बल्कि पूरे क्षेत्र और बैतूल जिले में खुशी की लहर है। रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने निशिता को बधाइयां दी हैं। एक छोटे से शहर से निकलकर वाणिज्यिक विमानन क्षेत्र में अपनी जगह बनाना आंचल की प्रेरणादायक सफलता की कहानी है। चार महीने की ट्रेनिंग के बाद निशिता ने अहमदाबाह सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट (गुजरात) देश की पहली उड़ान में बतौर केबिन क्रू ड्यूटी शुरू की। उनकी ये सफलता ना सिर्फ उनका व्यक्तिगत सपना पूरा होने का प्रतीक है, बल्कि उन तमाम लड़कियों के लिए प्रेरणा है जो मुश्किल हालातों में भी बड़े सपने देखती हैं। बधाई देने वालों में दादा प्रेमदास हाथिया, दादी कौशल्या बाई, नानी लक्ष्मी मोरले ,मामा बृजेश मोरले सहित परिवार के सभी सदस्यों ने बधाई दी। मेहरा समाज के ब्लॉक अध्यक्ष अजय बचले ने निशिता हाथिया को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## लगभग 50 फीसदी मतदाताओं ने अपने प्रपत्र किए जमा, झीटापाटी में बीएलओ चक्कर खाकर गिरा

### लोगों ने प्रपत्र जमा करने की तारीख बढ़ाने की मांग की



**आमला।** एसआईआर के प्रति लोगों में रुचि के परिणाम का असर अब आमला शहर में भी दिखाई देने लगा है। इलाके में अभी तक लगभग पचास फीसदी लोगों ने अपने प्रपत्र भर कर जमा कर दिए है तो वहीं अभी भी कई लोग ऐसे हैं, जो प्रपत्र भरने की तारीख बढ़ाने की मांग भी कर रहे हैं। दरअसल मतदाताओं को अपने प्रपत्र तैयार करके 4 दिसंबर तक अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ को जमा भी करना है। हालांकि निर्वाचन में लगे कर्मचारी बेहद गंभीरता से घर-घर जाकर मतदाताओं के प्रपत्र भरने, भरवाने का काम कर रहे हैं। फिर भी कई जगहों पर परिवार में कम पढ़े-लिखे सदस्यों के होने से समस्याएं आ रही है। ऐसे में लोगों ने प्रपत्र भरने की तारीख बढ़ाने की मांग की है। इधर बीते रविवार की शाम झीटापाठी गांव में ड्यूटी कर रहे एक बीएलओ को चक्कर आने से कर्मचारी पत्थरों पर गिर पड़ा और उसे गंभीर चोटे भी आई है। जानकारी है कि घटना के दूसरे दिन कर्मचारी इलाज करा कर अपने काम पर भी लौट गया था। इधर एसआईआर में लगे कर्मचारी घर-घर जाकर मतदाताओं को जानकारी भी उपलब्ध करा रहे हैं और प्रपत्र भरने में भी मदद कर रहे हैं। उसके बाद भी कई इलाकों में अनेकों तरह की समस्याएं भी आ रही हैं। शहर के कई सामाजिक संगठन भी लोगों की मदद के लिए आगे आए हैं और मतदाताओं की प्रपत्र भरने में मदद कर रहे हैं। इस दौरान शहर के जन सेवा कल्याण समिति के राहुल घेंडे, सागर चौहान, अमित यादव नितिन ठाकुर, भावेश मालवीय के अलावा वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद राकेश शर्मा, पार्षद दीक्षा सूरजेकर भी इलाके में घर-घर जाकर लोगों को जानकारियां उपलब्ध करा रहे हैं। इन लोगों का कहना है कि प्रपत्र भरने में 2003 की मतदाता सूची क्रमांक आदि ही लोगों के लिए उलझन बन रही है, बाकी कहीं कोई दिक्कत नहीं है और यहां भी शासन द्वारा कई तरीकों से जानकारी दी जा रही हैं। इस मौके पर बीएलओ रमेश सरेयाम ने बताया है कि शहर के कुछ इलाके ही ऐसे बचे हैं, जहां अभी कुछ दिक्कतें हैं, किंतु हम लोग तेजी से काम कर रहे हैं और शासन के जारी निर्देशों के अनुसार समय पर काम कर दिया जाएगा।



### राजनैतिक दलों के बूथ लेवल अभिकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**बैतूल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 18 नवंबर को अनुविभागीय अधिकारी व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जेएच कॉलेज के सभागृह में विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत राजनैतिक दलों के बूथ लेवल अभिकर्ता का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा एसआईआर को सरल शब्दों में समझाया गया एवं बीएलए द्वारा पूछे गए प्रश्नों के समाधान किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रभारी अरुण श्रीवास्तव, जिला संयोजक कैलाश धोटे, दीपक श्रीवास्तव एवं कांग्रेस पार्टी से ब्रज पांडे, जिला उपाध्यक्ष अजाबराव झरबडे, विधानसभा 131 बैतूल बीएलए, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं समस्त मास्टर ट्रेनर, बीएलओ, सुपरवाइजर उपस्थित रहें।

### केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित, मिली 25 लाख की पुरस्कार राशि

## जल संरक्षण में सराहनीय कार्यों के लिए बैतूल जिले को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**बैतूल।** देश में जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बैतूल जिले ने राष्ट्रीय पटल पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। न्यू दिल्ली के विज्ञान भवन में 18 नवंबर को आयोजित 6वां नेशनल वाटर अवार्ड समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री जल शक्ति मंत्रालय श्री सी.आर. पाटिल ने बैतूल जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन को जल संचय जन भागीदारी अवार्ड से किया सम्मानित है।

उन्हें यह सम्मान केंद्र सरकार के जल संसाधन और नदी विकास विभाग द्वारा जल शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रारंभ किए गए नवाचार जल संचय जन भागीदारी अभियान में बैतूल जिले ने वेस्टर्न जोन में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर मिला है। इसके साथ ही बैतूल जिले को 25 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस दौरान परियोजना अधिकारी मनरेगा संजय यादव भी उपस्थित रहें। उल्लेखनीय है कि जनसहभागिता से जल संरक्षण के कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने



में बैतूल जिले ने देश में परचम लहराया है। केंद्र सरकार के जल संसाधन और नदी विकास विभाग द्वारा जल शक्ति अभियान अंतर्गत प्रारंभ किए गए नवाचार जल संचय जन भागीदारी अभियान में बैतूल जिले ने वेस्टर्न जोन में तृतीय स्थान हासिल किया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से 31 मई 2025 तक जिले में 13499 जल संरक्षण कार्यों का सत्यापन किया गया है, जिसका अर्थ है कि यह सभी कार्य स्थल पर पूर्ण हो चुके हैं। इन कार्यों में खेत तालाब, स्टॉप डैम, कंटूर ट्रेंच, सोखपीट, चेक डैम, कपिलधारा, तालाब सौंदर्यीकरण आदि प्रमुख जल संरक्षण गतिविधियां शामिल रहीं। जिले में जल संरक्षण के लिए एक व्यापक रणनीति अपनाई गई। इसमें उद्योगों, स्वयंसेवी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। कम लागत और अधिक प्रभावी कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण एवं पुराने जलस्त्रोतों का पुनर्जीवन किया गया। ग्रामीण अंचलों में हजारों कृत्रिम रिचार्ज स्ट्रक्चर और प्रत्येक गाँव में जल संरचनाएं स्थापित कर वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दिया गया। स्थानीय संगठनों और जनसहभागिता से परियोजनाओं को स्थायित्व मिला।

## मुलताई-छिंदवाड़ा हाईवे पर पिकअप पलटी, तीन मजदूर घायल



**मुलताई।** मंगलवार सुबह करीब 4 बजे मुलताई-छिंदवाड़ा हाईवे पर मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पलट गई। वाहन मांगेना कला और आसपास के गांवों से मजदूरों को लेकर छिंदवाड़ा की ओर जा रहा था। हादसे में तीन मजदूर घायल हो गए, जिन्हें तत्काल मुलताई के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। दुनावा चौकी के प्रधान आरक्षक दिनेश बड़े ने बताया कि पिकअप चालक को अचानक झपकी आने से वाहन संतुलन खो बैठा, जिसके कारण दुर्घटना हुई। हादसे के बाद मौके पर हडक़ंप मच गया। घायल मजदूरों में से इंदिरा मनोज को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अन्य मजदूरों को भी सामान्य उपचार मिला। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस व 108 एंबुलेंस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य करवाया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है और चालक की तलाश जारी है। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण चालक की लापरवाही व नींद आना सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों ने मजदूरों को सुरक्षित ढंग से ले जाने और ओवरलोडिंग पर नियंत्रण की मांग की है।

## एलन इंस्टीट्यूट कोटा की विशेषज्ञ फैकल्टी ने बच्चों को विशेष मार्गदर्शन दिए



**बैतूल।** जिले के प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान इलेक्ट्रम इंस्टीट्यूट बैतूल के गुरुद्वारा रोड स्थित परिसर में विगत दिनों देश के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान एलन इंस्टीट्यूट कोटा से आए विषय विशेषज्ञ द्वारा बैतूल के विद्यार्थियों से उच्चस्तरीय शैक्षणिक मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। यह आयोजन हमारे जिले के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस विशेष कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान एलन इंस्टीट्यूट कोटा की विशेषज्ञ फैकल्टी ने विद्यार्थियों को आईआईटी-जेईई और नीट तथा बोर्ड परीक्षाओं की व्यवस्थित तैयारी के लिए सुझाव और बेहतर रणनीति के मूल मंत्र बताए। इस दौरान भौतिक विज्ञान के अनुभवी विशेषज्ञ डॉ. हृषिकेश शर्मा तथा जीव विज्ञान के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. अतिन सर ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर कई सुझाव दिए। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को परीक्षा-पैटर्न, अध्यायवार वेटेज, विषय की गहराई में जाकर अध्ययन, उच्च स्तरीय प्रश्नों को हल करने की सरल विधियाँ, बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं को संतुलित करने की रणनीति, बेहतर समय प्रबंधन की ट्रिक और नियमितता के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लगातार अभ्यास, शंकाओं का समय पर समाधान तथा सही दिशा में की गई मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र है। इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों ने अपने विषयों से जुड़ी कई शंकाएं, जिज्ञासाएँ रखीं, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा सहज, स्पष्ट एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से किया गया। मार्गदर्शन सत्र के बाद विद्यार्थियों में उल्लेखनीय उत्साह, आत्मविश्वास और परीक्षा के प्रति नई दृष्टि देखने को मिली।

## सिविल सर्जन ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

### अनुपस्थित कर्मचारियों को दिए कारण बताओ नोटिस



**बैतूल।** सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे ने मंगलवार को जिला अस्पताल की विभिन्न शाखाओं का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विभागों में कर्मचारियों की अनुपस्थिति सामने आई। पैथोलॉजी विभाग में जांच के समय लैब टेकनीशियन नमिता मिश्रा और डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रार्थना ताम्रकार ड्यूटी पर नहीं मिलीं। दोनों को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके पश्चात एमसीएच भवन का भी निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में सोनोग्राफी कक्ष में पहुंचने पर स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रसूताओं की सोनोग्राफी करते हुए पाई गईं। वहीं एएनसी एवं पीएनसी वार्ड के निरीक्षण में महिला रोग विशेषज्ञ अनुपस्थित मिलीं, जिनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। एसएचआईवी शाखा में भी डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रदीप दरवाई अपने कार्यस्थल पर मौजूद नहीं मिले, जिसके चलते उन्हें स्पष्टीकरण पत्र जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान आरएमओ डॉ. रानू वर्मा उपस्थित रहे। सिविल सर्जन ने सभी कर्मियों को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहने और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए।

**खबर संक्षेप**

### ऋण आवेदन हेतु 19 नवंबर से 26 दिसंबर तक लगेगा शिविर

**देवास।** प्रधानमंत्री स्व निधि योजना अंतर्गत नगर निगम द्वारा 19 एवं 20 नवंबर 2025 को वार्ड 1 बिलावली सरकारी स्कूल, वार्ड 35 रेवाबाग आंगनवाड़ी में, वार्ड 8 में त्रिपाठी किराना, वार्ड 30 में गजरा गियर्स चौराहा में आयोजित किए जाएंगे। योजनन्तर्गत रेहडी पटरी वाले एवं पथ विक्रेताओं जैसे सब्जी, फल, फ्रूट, सिलाई कार्य टिफिन सेंटर, इमिटेशन ज्वेलरी, कपड़े आदि का व्यवसाय करने वाले पथ विक्रेताओ हेतु प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत राशी रुपए 15 हजार का ऋण प्रदाय किया जा रहा है। जिस हेतु वार्ड स्तर पर शिविर का आयोजन कर उनका पंजीयन एवं ऋण का आवेदन किया जा रहा है। पंजीयन एवं ऋण आवेदन हेतु हितग्राही अपना आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार लिंक मोबाइल नंबर लेकर शिविर में अपना पंजीयन एवं ऋण आवेदन कर सकते हैं। शिविर दिनांकों हेतु अपने स्थानीय पार्षद से संपर्क कर पता कर सकते हैं एवं नगर निगम कार्यालय के कमरा नंबर 8 में संपर्क कर सकते हैं।

### बिना ट्रेड के संचालित पीयूसी वैन को आरटीओ ने किया जब्त

**देवास।** जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा देवास शहर से लगे बायपास पर जांच अभियान चलाया गया। जिसमें वाहनों के समस्त दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें भौंरासा टोल प्लाजा पर खड़ी एक पीयूसी वैन में जांच करने पर पाया गया कि उक्त वाहन में आरटीओ कार्यालय द्वारा जारी होने वाला ट्रेड सर्टिफिकेट नहीं था, जिस पर कार्यवाही करते हुए सामान सहित वेन को जप्त कर आरटीओ कार्यालय में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया। जिस पर आगामी कार्यवाही की जा रही है, साथ ही अन्य वाहनों की जांच में 7 वाहनों की जांच में प्रदूषण सर्टिफिकेट नहीं पाए जाने पर 33 हजार रूपये का चालान काटा गया। कार्यवाही में 03 वाहनों को जप्त किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण को मद्देनजर देवास में संचालित वाहनों में प्रदूषण सर्टिफिकेट (पीयूसी) की जांच की जा रही है, जिसमें बड़े वाहनों पर 5000 तथा छोटे वाहनों पर 3000 की चालानी कार्यवाही की जा रही है।

आदिवासी बहुल क्षेत्र के पांच गांव के ग्रामीण पिछले दो साल से हैं परेशान

# जर्जर सड़क से मुक्ति की मांग को लेकर अब जनसुनवाई में पहुंचे क्षेत्र के ग्रामीण

सड़क निर्माण की मांग पर एडीएम संजीव जैन ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास/चापड़ा



हरिभूमि लगातार

जनपद पंचायत बागली कि ग्राम पंचायत मुकुन्दगढ़ के ग्राम गोपालपुरा के रहवासी लंबे समय से प्रधानमंत्री सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। आदिवासी बहुल क्षेत्र के लगभग पांच गांवों के सैकड़ों ग्रामीण विगत दो वर्षों से प्रशासन से गुहार लगा रहे है। मंगलवार को जर्जर सड़क से मुक्ति की मांग को लेकर जनसुनवाई में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय देवास पहुंचे। ग्रामीणों की मांग पर अपर कलेक्टर संजीव जैन ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण का आश्वासन दिया।

#### थक चुके ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि शासन प्रशासन के जिम्मेदारों से निवेदन आवेदन देते देते अब वे थक चुके हैं। ग्रामीणों के हाथ सिर्फ निराशा ही लग रही है जिसके चलते बागली प्रगति समिति के बैनर तले ग्राम गोपालपुरा के ग्रामीणजनों ने मंगलवार को देवास जनसुनवाई में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण की स्वीकृति के लिए आवेदन दिया। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में बताया कि ग्राम गोपालपुरा से धावड़िया चेनपुरा मुख्य सड़क तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी कच्ची सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। बारिश के मौसम में कीचड़, गड्ढों और पानी भराव के कारण आवागमन ठप हो जाता है, जिससे विद्यालय जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खेत मार्ग, आंगनवाड़ी एवं अन्य आवश्यक रास्तों की स्थिति भी अत्यंत खराब है। लंबे समय से ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों की यह प्रमुख मांग है कि उक्त सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल कर शीघ्र निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए, जिससे गांव का मुख्य मार्ग से सुगम संपर्क हो सके और ग्रामीण विकास को गति मिल सके। इस दौरान मंजू, रिंकी, हंसा बाई, मेहंदी बाई, छीता बाई, सुगन बाई, मीराबाई, नंदाबाई, संगीता, सरपंच राजू बामनिया, नरसिंह भूरिया, अतुल, रामचंद्र भूरिया, हिम्मत वासनिया, विजय वास्केल, रायसिंह, गौतम, रवि सहित ग्राम गोपालपुरा एवं मुकुंदगढ़ बागली के अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

#### बारिश के दिनों में होती है कठिन परीक्षा

बारिश के दिनों में दुर्गम पहाड़ियां, जंगल के बीच कीचड़ सने रास्तों के कारण ग्रामीणों और विद्यार्थियों की समस्या ओर बढ़ जाती है। गोपालपुरा व टिमरानिया से चैनपुरा तक पहुंचने के लिए पगडंडी रास्ता है। इस रास्ते का कुछ हिस्सा जंगल में शामिल है। बारिश में लगभग तीन किमी का रास्ता कीचड़मय हो जाता है।

#### स्वयं के खर्च से भी बना चुके सड़क

पिछले दिनों ग्रामीणों ने थक हारकर निर्णय लिया कि वे स्वयं उनके स्तर से मार्ग का निर्माण करेंगे। ग्रामीणों ने राशि एकत्रित कर श्रमदान कर मार्ग पर मुर्रमीकरण किया। उक्त मार्ग पर लगभग दो किमी तक श्रमदान कर मार्ग पर मूर्रम बिछाई, जिसमें लगभग 40 हजार से अधिक के खर्चा होने का अनुमान आया। गोपालपुर में लगभग 129 आदिवासी समाज के परिवार निवास करते हैं, जो कि शासन प्रशासन की कई मूलभूत सविधा एवं योजनाओं से आज भी कोसों दूर हैं।


गोपालपुरा टिमरानिया और मजरा टोले गांवों में नहीं स्कूल, जाना पड़ता है चेनपुरा

**दुर्गम पहाड़ियां, जंगल के बीच कीचड़ सने रास्ते विद्यार्थियों की ले रहे कठिन परीक्षा**

जंगल और दुर्गम पहाड़ी वाला रास्ता होने से जब तक बच्चे स्कूल से घर नहीं आते तब तक बच्चों के परिजनों में हमेशा ही बनी रहती है चिंता


अदिवासी बाहुल्य ग्राम की आबादी को है मूलभूत सुविधाओं का इंतजार

**जनप्रतिनिधि व प्रशासन ने नहीं दिया ध्यान तो ग्रामीणों ने स्वयं के खर्च से बनाया मार्ग**

ग्रामीण लंबे समय से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक सिस्टम से गोपालपुरा से चेनपुरा तक के पक्के मार्ग के निर्माण कि मांग कर रहे है। ग्रामीणों को बारिश के दिनों में परेशानी होती है।

# जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला सम्मान

**6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार में 9वां स्थान**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर देवास जिले को 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2024 में जोन-3 श्रेणी में 9वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जिले में संचालित विभिन्न जल संरक्षण योजनाओं, वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण-जीर्णोद्धार, भू-जल स्तर में सुधार तथा सामुदायिक भागीदारी जैसे कार्यों को इस उपलब्धि का आधार बनाया गया। मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने जिले द्वारा जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवास ज्योति शर्मा को प्रशस्ति-पत्र तथा 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की।देवास जिले को 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2024 में मिला सम्मान जिले के सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा जल प्रहरियों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। देवास जिला जल संरक्षण के क्षेत्र में आगे भी अग्रणी रहेगा तथा भू-जल स्तर में निरंतर सुधार के प्रयास जारी रहेंगे।

### खेत की मेड़ से 8 फीट लंबा सांप सुरक्षित रेस्क्यू

**इटारसी।** ग्राम धुरपन में खेत में काम कर रहे किसान को मेड़ पर बने बिल में बैठे एक बड़े सांप के दिखने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसका सुरक्षित रेस्क्यू किया। यह सांप घोड़ा पछाड़ (इंडियन रैट स्नेक) प्रजाति का था और यह जहरीला नहीं होता है। वनपरिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के निर्देश पर, सर्पमित्र अभिजीत, सचिन दुलारे और सूरज अहिरवार की टीम तुरंत ग्राम धुरपन पहुँची। किसान पीयूष चौहान ने सूचना दी थी कि जब वह अपने खेत में बखरनी का कार्य कर रहे थे, तभी उन्हें खेत की मेड़ पर बने एक बिल में से यह साँप मुँह बाहर निकालकर बैठा दिखाई दिया। टीम ने बिल में छिपे करीब 8 फीट लंबे इस (नॉन-वेनॉमस) घोड़ा पछाड़ साँप को सावधानीपूर्वक बाहर निकाला और सुरक्षित रेस्क्यू किया।

# वार्ड 9 के रहवासियों का क्षेत्र में अवैध गार्डन से बढ़ती परेशानी पर फूटा आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



वार्ड क्रमांक 9 के बीमा अस्पताल के पीछे स्थित रहवासी क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कबीर गार्डन के कारण क्षेत्रवासियों का जनजीवन लंबे समय से अस्त-व्यस्त है।

आए दिन होने वाली शादियों में लगने वाला जाम, देर रात तक बजने वाला शोर-शराबा, असामाजिक तत्वों की आवाजाही तथा कार्यक्रमों में शामिल कुछ लोगों द्वारा महिलाओं और युवतियों से छेड़छाड़ जैसी घटनाओं ने माहौल को असुरक्षित बना दिया है। इन्हीं समस्याओं से व्यथित गंगा निकेतन कॉलोनी की सैकड़ों मातृशक्तियों और स्थानीय रहवासियों ने वार्ड पार्षद दीपेश कानूनगो के नेतृत्व में एसपी कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई दिवस पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। रहवासियों ने बताया कि विगत कई वर्षों से वे थाना सिविल लाइंस और नगर निगम आयुक्त को भी शिकायतें दे चुके हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस बार उन्होंने इसे अंतिम प्रयास बताते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है।पार्षद दीपेश कानूनगो ने कहा कि रहवासी जिस पीड़ा से गुजर रहे हैं, वह अत्यंत गंभीर है। आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित गार्डन को बंद किया जाना चाहिए। मैंने पहले भी इस विषय को अधिकारियों के समक्ष उठाया है।रहवासी प्रवीणसिंह चौहान ने कहा कि 15 दिनों में न्यायोचित कार्रवाई करें।

# निगम स्वछता की टीम ने किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



भारत सरकार द्वारा हाल ही में जारी हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 परिणाम के पश्चात सुपर स्वच्छता लीग अंतर्गत स्वच्छ शहर जोड़ी प्रतिस्पर्धा के तहत देवास और सोनकच्छ को स्वच्छ जोड़ी के रूप में स्थान मिला है। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश अनुसार नियमित सोनकच्छ शहर में स्वच्छता टीम द्वारा अवलोकन कर वहां के नागरिकों की सोच में बदलाव कर स्वच्छता का स्वभाव एवं स्वच्छता की आदत बनाए जाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम निगम आयुक्त के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा नगर परिषद सोनकच्छ का दौरा किया। इस दौरान टीम द्वारा वार्ड में कचरा संग्रहण, स्त्रोत प्रथक्कीकरण, सार्वजनिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, बैकलेन सौंदर्यिकरण ,शहर में शौचालय एवं मूत्रालय की स्थिति के साथ तालाब व शहर में लीटर बिन आदि सुविधाओं का जायजा लिया। अवलोकन के दौरान नागरिकों से रात्रि कालीन सफाई, शहर में पॉलिथीन प्रतिबंध को लेकर जागरूकता आदि विषयों पर नागरिकों की प्रतिक्रिया ली गई। मिनिस्ट्री द्वारा इस कड़ी में शहर में दृश्यमान स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्रयुक्त जल प्रबंधन, डिस्लेजिंग सेवाओं का मशीनीकरण, सफाई कर्मचारी कल्याण योजन के साथ नागरिक प्रतिक्रिया और शिकायतों के समाधान हेतु निर्देशित किया है।

# न्यास बायपास पर कचरे का जहर, आम नागरिकों ने किया चक्काजाम, प्रशासन को दी आंदोलन की अंतिम चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



नगर पालिका द्वारा शिक्षक नगर न्यास क्षेत्र में बायपास सड़क पर, जगदंबा मैरिज गार्डन के पास बनाए गए अनधिकृत कचरा डंपिंग स्पॉट और कचरा जलाने की घटना से स्थानीय रहवासी और स्कूली बच्चे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं। कचरे से उठने वाले जहरीले धुएं और बदबू से त्रस्त होकर मंगलवार को वार्ड 17 के नागरिकों ने बायपास पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और चक्काजाम कर दिया।

शिक्षक नगर न्यास क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि नगरपालिका द्वारा बेहिसाब कचरा फेंकने और उसमें आग लगाने से पूरा इलाका 'गैस चेंबर' में बदल गया है। लगातार जहरीला धुआं झेलने के कारण बड़ी संख्या में नागरिक दमे, एलर्जी और सांस की गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता डंपिंग स्पॉट के बिल्कुल पास स्थित दो स्कूलों के सैकड़ों बच्चों को लेकर है। अभिभावकों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को रोजाना यह जहरीला धुआं निगलना पड़ रहा है, जिससे उनके फेफड़े कमजोर हो रहे हैं। एक अभिभावक ने कहा, "यह स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि हमारे बच्चों के भविष्य पर हमला है।" धुएं के कारण रात में बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होती है।

नाराज वार्डवासियों ने नगरपालिका प्रशासन और सीएमओ के खिलाफ तीखी नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान करीब एक घंटे तक चक्काजाम रहा, जिससे बायपास पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। प्रदर्शनकारियों ने अंतिम चेतावनी देते हुए कहा, "या तो कचरा यहां से हटाओ, वरना बड़ा आंदोलन होगा। मामले में सभापति राकेश जाधव ने कहा कि उस जगह पर तीन वार्डों का कचरा जमाकर उठाया जाता है, और नपा के अलावा आसपास के लोग भी कचरा फेंक जाते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि नपा के पास केवल एक जेसीबी मशीन होने के कारण कचरा उठाने में समय लगता है और जानवर कचरा सड़क तक फैला देते हैं। जाधव ने नपाध्यक्ष से दो लोडर मशीन से कचरा उठाने का सुझाव दिया है, जिस पर विचार चल रहा है। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि डंपिंग स्पॉट को जल्द से जल्द कवर्ड करने का प्रयास किया जा रहा है और फिलहाल उस जगह की और बेहतर ढंग से सफाई कराई जाएगी।

# सेंट्रल प्रूफ एस्टैब्लिशमेंट का 54वां स्थापना दिवस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



सेंट्रल प्रूफ एस्टैब्लिशमेंट इटारसी (मध्यप्रदेश), जो डीजीक्यूए के अंतर्गत राष्ट्र की सबसे बड़ी एवं प्रतिष्ठित प्रूफ एस्टैब्लिशमेंट है। अपने 54वें स्थापना दिवस का तीन दिवसीय समारोह को 18 नवम्बर से 20 नवम्बर 2025 तक अत्यंत हर्षोल्लास, द एवं गरिमा के साथ मना जा रहा है। अवसर पर पारंपरिक भव्यता तथा संस्थागत गौरव की गहरी अनुभूति के साथ आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर 18 नवंबर 2025 को सेवानिवृत्त सैनिकों, अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों, अन्य रैंकों, कर्मचारियों, कामगारों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा उनके परिवारों ने एकसाथ सम्मिलित होकर उत्सव की शोभा बढ़ाई। समृद्ध विरासत, परंपरा और सामुदायिक भावना को स्मरण करने हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारंभ धार्मिक अनुष्ठान से हुआ, जिसके उपरांत कमांडेंट मेजर जनरल आरएस सलारिया ने सभी सेवानिवृत्त सैनिकों तथा कार्मिकों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की तथा अधिकारियों, जेसीओ, अन्य रैंकों, कर्मचारियों एवं कामगारों को उनकी निरंतर उत्कृष्ट कार्यशीलता, समर्पण और संगठन की प्रगति में सकारात्मक योगदान हेतु सराहा।

स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनकल्याण के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए वृद्धाश्रम के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। 19 नवंबर 2025 को रक्तदान शिविर एवं मेले का आयोजित किया किया जा रहा है इस आयोजन ने सेंट्रल प्रूफ एस्टैब्लिशमेंट की एकता, विविधता तथा सामूहिक संकल्प को उजागर किया, जिसके बल पर यह संस्था पांच दशकों से अधिक समय से निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है।"

# विहिप- बजरंग दल ने इटारसी में किया 'रन फॉर हेल्थ' का आयोजनः युवाओं ने स्वस्थ भारत के लिए लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के नर्मदापुरम जिले के इटारसी प्रखंड द्वारा 'सेवा सप्ताह' के तहत 'रन फॉर हेल्थ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन 'नशा मुक्त युवाः विकसित भारत का संकल्प' अभियान के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम का आयोजन रेलवे इंस्टीट्यूट, 12 बंगला, पुरानी इटारसी में किया गया। इसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विभाग प्रचारक नरेंद्र यादव जी ने समाजसेवी और खिलाड़ियों के साथ दौड़ लगाई। इसके बाद, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया गया, जिसमें नगर की कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया।

#### नशे से आजादी ही असली आजादी :

विभाग प्रचारक नरेंद्र यादव ने इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि "नशे से आजादी ही असली आजादी है।" उन्होंने जोर देकर कहा कि जो युवा आज अपने स्वास्थ्य के लिए दौड़ रहा है, वही कल विकसित भारत के निर्माण के लिए भी दौड़ेगा।इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, स्वास्थ्य सभापति राकेश जाधव, डॉ. पंकज मनी पहाड़िया, डॉ. सुभाष दुबे, जोगिंदर सिंह, चेतन सिंह राजपूत, विक्रम सोनी, संजीत चौधरी, जितेंद्र सरेयाम, जयपाल सिंह, आशीष मालवीय, राजेश चौरे, संजय श्रोती, घनश्याम बोरासी, गोपाल राजपूत, शशांक मालवीय और बड़ी संख्या में अन्य युवा उपस्थित रहे। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद, जिला नर्मदापुरम के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अनुरुद्ध चंसौरिया द्वारा जारी की गई।

# नपा के आउटसोर्स कर्मचारियों ने कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नगर पालिका परिषद (नपा) इटारसी में कार्यरत आधा सैकड़ा से अधिक आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को सुबह नगरपालिका कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

कर्मचारी पिछले दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण नाराज थे, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक और पारिवारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि उन्हें कलेक्टर रेट के हिसाब से भी वेतन नहीं दिया जा रहा है।

**मुख्य चिंताः** चूंकि इन आउटसोर्स कर्मचारियों पर ही शहर की सफाई व्यवस्था का जिम्मा है, ऐसे में वेतन न मिलने के कारण शहर की सफाई व्यवस्था डगमगा सकती है।

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय सुखतवा में हुई ओलंपियाड परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित ओलंपियाड परीक्षा मंगलवार को शासकीय सांदीपनि विद्यालय सुखतवा में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। केन्द्राध्यक्ष प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विभिन्न कक्षाओं में उपस्थिति इस प्रकार रहीः

**कक्षा 2 से 3:** कुल 153 दर्ज परीक्षार्थियों में से 133 उपस्थित रहे।

**कक्षा 4 से 5:** कुल 169 दर्ज परीक्षार्थियों में से 156 उपस्थित रहे।

**कक्षा 6 से 8:** कुल 227 दर्ज परीक्षार्थियों में से 289 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

कुल मिलाकर, विद्यालय में दर्ज 549 परीक्षार्थियों में से 509 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 40 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

इस दौरान शाला में परीक्षा का संचालन सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। इस दौरान रत्ना सोनिया (बीआरसी केसला) और जनशिक्षक रामेश्वर प्रसाद काजले ने प्रत्येक कक्ष में जाकर परीक्षा कार्य का निरीक्षण किया।

## खबर संक्षेप

### युवक के पास से पुलिस ने एमडी पावडर जब्त किया

**हरदा।** सिटी कोतवाली पुलिस ने एक युवक को एमडी पाउडर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार रात को रन्हाई रोड पर भाटपरेटिया तिराहे से आरोपी को पकड़ा, जिसके पास से 2.61 ग्राम एमडी पाउडर बरामद हुआ। एसडीओपी शालिनी परस्ते ने बताया कि सिटी कोतवाली पुलिस एक पुराने मामले के आरोपी की तलाश में निकली थी। इसी दौरान भाटपरेटिया तिराहे पर एक व्यक्ति स्कूटी लेकर संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला। पुलिस ने पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम पंकेश पिता बनबारी लाल झंवर (38) बताया, जो बड़े पोस्ट ऑफिस के सामने का निवासी है। तलाशी लेने पर उसकी जेब से 2.61 ग्राम एमडी पाउडर मिला। आरोपी पंकेश ने पुलिस को बताया कि उसने यह एमडी शिवम वाटिका निवासी एक युवक से खरीदी थी। पुलिस अब इस मामले में आरोपी के अन्य साथियों की तलाश कर रही है। फिलहाल, पंकेश को कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगी जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी के पिता एक निजी चिकित्सक हैं।

### सरकारी कार्य में अब ली जाएगी चैट जीपीटी की मदद

**हरदा।** जिले के सरकारी दफ्तरों के कामकाज में गति लाने के लिए अब चैट जीपीटी एप की मदद ली जाएगी। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी विभागों के अधिकारियों को चैट जीपीटी एप का प्रयोग सीखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है की इस एप की मदद से विभिन्न शासकीय प्रतिवेदन एवं पत्रों की ड्राफ्टिंग में मदद मिलेगी। साथ ही तत्परता से ड्राफ्टिंग भी की जा सकेगी। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में चैट जीपीटी एप के उपयोग का डेमोंसट्रेशन भी अधिकारियों को दिया गया।

### पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आज

हरदा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 19 नवंबर को दोपहर 1.45 से 3 बजे के मध्य देश भर के लगभग 9 करोड़ कृषकों के खाते में राशी रुपए 18000 करोड़ हस्तांतरित किए जाएंगे। इस अवसर पर वे अन्नदाता के सम्मान में अपना उद्बोधन देंगे। साथ ही इस दिन को पीएम किसान उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख ने बताया कि इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र हरदा ग्राम-कोलीपुरा में दिखाया जाएगा।

### 50 लाख रुपए तक ऋण का प्रावधान

**सीहोर।** जनजातीय वर्ग के उत्थान और युवाओं को स्व-रोजगार के अवसर देने के लिए 50 लाख तक का ऋण देने का भगवान बिरसा मुंडा और टंटया मामा योजना में प्रावधान किया गया है। शासन द्वारा जनजातीय वर्ग के युवाओं को रोजगार एवं मुख्य धारा से जोड़ने के लिए भगवान बिरसा मुंडा और टंटया मामा स्वरोजगार योजनाएं चलाई जा रही है। जिसमें युवाओं को एक लाख से 50 लाख तक का ऋण मिल सकता है, जिससे वे स्वयं तो अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं।

### 25 नवंबर के बाद कोई भी फाइल ऑफलाइन स्वीकार नहीं की जाएगी

# ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाए जाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर अलावा जलाए जाएं। सभी एसडीएम रैन बसेरा, रेल्वे स्टेशन व बस स्टेण्ड का निरीक्षण कर ठहरने वालों के लिये ठण्ड से बचाव की आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिये। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि 25 नवम्बर के बाद कोई भी फाइल ऑफलाइन स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी ई-ऑफिस के माध्यम से ही फाईल प्रस्तुत करें। साथ ही ई-ऑफिस में कार्य विभाजन अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नर्मदा परिक्रमा पथ पर आश्रय स्थल सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को जिले में नशा मुक्ति सेंटर जल्द से जल्द चालू कराने के लिये भी निर्देशित किया। उन्होने जिले की सभी गौशालाओं में बायोगैस संयंत्र स्थापित करने के निर्देश उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग को दिये। कलेक्टर ने जिले में मूंग के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये मूंग प्रोसेसिंग ईकाइयों की स्थापना करने के लिये भी बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बैठक में सभी अधिकारियों को नशा न करने तथा नागरिकों को नशा न करने के लिए प्रेरित करने की शपथ भी दिलाई।

### चौक चौराहों पर नपा जला रही अलावः भारती कमेडिया





नवंबर महीने में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। ऐसे में लोगों को ठंड से राहत देने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने के लिए लकड़ी रखी जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार एवं नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया ने बताया कि नगर पालिका द्वारा शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं आश्रय स्थल, घंटाघर चौक, प्रताप टॉकीज चौराहा, बस स्टैंड, बायपास हनुमान मंदिर चौराहा पर अलाव जलाने के लिए लकड़ी पहुंचाई। क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की सर्दी के चलते ट्रेन एवं बस से उतरने वाले यात्री ठंड से परेशान होते नजर आते थे। बाहर से आने वाले यात्री एवं स्थानीय लोगों को ठंड से राहत के लिए नगर पालिक ने अलाव जलना शुरू कर दिया है।

### फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण में देरी से नाराजगी

# 2 घंटे बंद रहा रेलवे गेट आमजन हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया



मंगलवार को शहर के बीचो-बीच स्थित रेलवे गेट करीब 2 घंटे के लिए 2 बजे से लेकर 4 बजे तक बंद रहा। रेलवे गेट बंद होने के कारण सैकड़ों की संख्या में वाहन सड़क के दोनों हिस्से में बुरी तरीके से फंस गए। एंबुलेंस, बच्चों के स्कूल वाहन, किसानों के ट्रैक्टर, नागरिकों के वाहन जाम में एक के बाद एक बुरी तरीके से अटक गए। सबसे ज्यादा परेशानी विद्यार्थियों को हुई। चार पहिया वाहनों में बैठे हुए छोटे-छोटे बच्चे भूखे प्यासे गेट खुलने का इंतजार करते नजर आए।

तहसील मुख्यालय में 5 वर्ष से लंबित पड़े रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण को लेकर अब जनता का धैर्य जवाब देने लगा है। जिस परियोजना को स्थानीय प्रशासन और निर्माण एजेंसी ने तय समय-सीमा में पूरा करने का आश्वासन दिया था, वह आज भी अधर में लटकी हुई है। वर्तमान समय में टेंडर हो जाने के बाद भी स्थानीय प्रशासन भूमि अधिग्रहण संबंधित कार्रवाई न करवाए जाने के चलते कई सवालों के घेरे में है। ब्रिज कारपोरेशन के अंतर्गत ओवरब्रिज का निर्माण होना है पहले इसके एसडीओ गिरीश हिगवे सर्वे कार्य के समय लगातार खिरकिया आए लेकिन अब उन्होंने आगे की कार्रवाई से दूरी बना ली है। जिम्मेदार विभागों के बीच तालमेल न होने के कारण फ्लाईओवर का निर्माण लगातार विलंबित हो रहा है इससे नगरवासियों को रोजाना भारी जाम, दुर्घटनाओं की आशंका और समय की बर्बादी झेलनी पड़ रही है। अब नागरिकों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया तो दिसंबर में वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

**इनका कहना है...**

खिरकिया रेलवे ओवर ब्रिज की फाइल ड्राइंग अप्रूवल के लिए भोपाल में है। ओवरब्रिज निर्माण प्राथमिकता में है। जल्द ही निर्माण शुरू कराया जाएगा।

सिद्धार्थ जैन, कलेक्टर हरदा

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के निर्देश दिए



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम झाड़पा निवासी कपिल ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर अपने काम की मजदूरी नहीं मिलने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने जिला श्रमपदाधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। सिराली के वार्ड क्रमांक 8 के निवासियों ने नाली निर्माण के कराने के लिये कलेक्टर जैन को आवेदन दिया, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिराली को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम भुन्नास निवासी कमल सिरोही ने कलेक्टर को आवेदन देकर घर के सामने बड़े नाले पर पुलिया निर्माण की मांग की, जिस पर उन्होने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। खिरकिया के वार्ड क्रमांक 8 स्थित कॉलोनवासियों ने कलेक्टर को आवेदन कर कॉलोनाइजर द्वारा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने मुख्य कार्यपालन अधिकारी खिरकिया को मामले की जांच कर आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

**59 छात्र-छात्राएं रहे अनुपस्थित**

# ओएमआर शीट पर प्रश्न हल किया, 1329 छात्र-छात्राओं ने रहटगांव संकुल से दी परीक्षा



**रहटगांव।** तहसील क्षेत्र में शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों धनगांव फुलडी शासकीय कन्या, बालक हाई स्कूल रहटगांव, शासकीय हाई स्कूल कायदा में शैक्षिक ओलंपियाड का आयोजन इस प्रतियोगिता में कक्षा 2 से 8वीं तक के विद्यार्थी भाग लिया। ओलंपियाड का आयोजन दूसरे चरणों में हुई। जन शिक्षा केंद्र स्तर पर और दूसरा चरण मंगलवार को हुई। सभी विद्यार्थी ने ओएमआर शीट पर प्रश्न हल किया। कक्षा 2 और 3 के लिए इंग्लिश, हिंदी और गणित विषय शामिल हैं। कक्षा 4 और 5 के लिए इन विषयों के साथ पर्यावरण भी जोड़ा गया है। कक्षा 6, 7 और 8 के विद्यार्थियों को हिंदी, संस्कृत, इंग्लिश, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान के प्रश्न हल करने आए।

इस परीक्षा के उपरांत जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए चुने जाएंगे विद्यार्थी, जिस दौरान उपस्थिति और एवं अनुपस्थिति शासकीय कन्या हाई स्कूल रहटगांव में शासकीय कन्या हाई स्कूल रहटगांव में 367 से में से 327 बच्चो ने परीक्षा दी 40 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे, शासकीय बालक हाई स्कूल रहटगांव में उपस्थित 159 में से 151 व 08 अनुपस्थित रहे। शासकीय हाई स्कूल कायदा में 371 उपस्थित रहे,धनगांव फुलझड़ी मैं 471 में से 460 उपस्थित और 11 अनुपस्थित रहे। जिस दौरान शिक्षक प्राचार्य मनोज मिंज, सिद्धार्थ जोशी, गौरव श्रीवास्तव, मुकेश मालवीय, दुर्गाप्रसाद, जितेंद्र गौर, मालवीय, अनिल शुक्ला, संगीता काशीव, मुकेश राजगीरे, कमलेश गौर, मुकेश गौर, गजानंद गौर, मनोज मालवीय, पंकज मिश्रा, प्रदीप शर्मा, संतोष मालवीय, गणेश राजगीरे, मनोज उपाध्याय, शिक्षक मौजूद रहे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण की गूगल मीट में सम्मिलित नहीं होने पर 21 अधिकारियों का वेतन काटा

**हरदा।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के तहत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा आयोजित गूगल मीट में सम्मिलित नहीं होने पर कलेक्टर ने जिले के 21 अधिकारियों का एक दिवस का वेतन काटने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र 134 टिमरनी के ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी उद्यानिकी अनिल गरीड, पशु चिकित्सा शल्य टिमरनी डॉ. नागेन्द्र पाटिल, विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार यादव, सहायक यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग हरदा विश्वजीत पाटीदार, वनक्षेत्रपाल वनमण्डल हरदा प्रेमपाल धुर्वे, उपयंत्री सिविल लोक निर्माण विभाग हरदा कल्याण सिंह ठाकुर, उपवनक्षेत्रपाल हरदा रामलाल मरापे, कार्यवाहक उपवनक्षेत्रपाल हरदा बेल सिंह मेहता, उपवनक्षेत्रपाल प्रभारी वनक्षेत्रपाल सुकुमार सिंह उईके, उपवनक्षेत्रपाल बोरेलाल धुर्वे तथा प्रभारी वनपरिक्षेत्र अधिकारी मकड़ाई राजेन्द्रप्रसाद परते का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 135 हरदा अंतर्गत उपवनक्षेत्रपाल मुन्नालाल मवासी, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खिरकिया आरएल कुम्हार, सहायक यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग हरदा संजय इवने, सहायक संचालक उद्यानिकी विजय सिंह, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक रमेश पटेल, सहायक श्रम पदाधिकारी आशीष चौरसिया, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास राजा रंगारे, प्रबन्धक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द सचिन रोमड़े तथा सहायक संचालक कृषि रामकृष्ण मण्डलोई का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# कलेक्टर ने इंडियन स्कूल ऑफ डेवलपमेंट मेनेजमेंट के विद्यार्थियों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को नोएडा के आईएसडीएम (इंडियन स्कूल ऑफ डेवलपमेन्ट मेनेजमेंट के जिले के भ्रमण पर आए विद्यार्थियों से चर्चा की। विद्यार्थियों से संवाद के दौरान कलेक्टर ने उनके जिज्ञासों का समाधान भी किया। उल्लेखनीय है कि आईएसडीएम नोएडा में अध्ययनरत 8 विद्यार्थी 9 से 21 नवम्बर तक जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण पर आए थे। इस दौरान इन विद्यार्थियों ने चिकलपाट, बांसपानी, चन्द्रखाल, कायदा, पिपल्या, जिनवानिया सहित जिले के अन्य ग्रामों का भ्रमण सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का अध्ययन किया। साथ ही ग्रामों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों का फीड बैक कलेक्टर को दिया।

### कलेक्टर ने बीएलओ दिलारे को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

# एसआईआर के तहत खरतलाब बना पहला 100 प्रतिशत सर्वेक्षण पूर्ण करने वाला ग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत हरदा जिले की विधानसभा टिमरनी के मतदान केन्द्र क्रमांक 68 खरतलाब में नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर हंसकुमार दिलारे द्वारा 17 नवम्बर की शाम तक समस्त कार्य शतप्रतिशत पूर्ण किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को बीएलओ दिलारे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरूषोत्तम कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बूथ लेवल ऑफिसर दिलारे ने बताया कि इस कार्य को पूर्ण करने में उनके द्वारा नियमित तीन प्रशिक्षण प्राप्त किये गये। साथ ही सहयोग के लिये एक सहायक अधिकारी भी उनके साथ नियुक्त था। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई मतदाता सूची को लेकर उन्होने गांव का घर-घर भ्रमण किया एवं बाहर से आये मतदाताओं की जानकारी प्राप्त की। जो मतदाता अथवा नव विवाहिता अन्य स्थानों से ग्राम में आये थे, उनकी जानकारी पोर्टल पर लिंक के माध्यम से प्राप्त की, जिससे सर्वेक्षण कार्य में सरलता हुई। ग्रामीणों द्वारा भी एसआईआर से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग किया गया, जिसके चलते तत्परता से यह कार्य पूर्ण हुआ।

### चिड़गांव में 83.64 कार्य पूर्ण

इसी प्रकार हरदा विधानसभा अंतर्गत मतदान क्रमांक मतदान केंद्र क्रमांक 28 चिड़गांव के बीएलओ लोकेश बिश्नोई ने सोमवार 17 नवम्बर की शाम तक 83.64 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है। सोमवार 17 नवम्बर की शाम मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में इस कार्य की सराहना की गई। साथ ही कहा गया कि जो बीएलओ तत्परता से शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करेंगे उनको 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस कार्य में जो निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी तत्परता से शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करेंगे वह भी सम्मानित होंगे। उल्लेखनीय है कि जिले में कम मतदाता संख्या वाले मतदान केन्द्रों पर एसआईआर का कार्य पहले शुरू किया गया है ताकि इन मतदान केंद्रों का शत-प्रतिशत एसआईआर का शीघ्र कार्य किया जाकर आगे कार्य संपन्न किया जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम कुमार ने उक्त दोनों बीएलओ कार्य की सराहना की है।

# बाल गृह भवन में बाल अधिकार प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




मंगलवार को जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास हरदा के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा बाल गृह भवन खंडवा बायपास चौराहा महिला एवं बाल विकास विभाग हरदा में बाल अधिकार प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्राओं को मिशन वात्सल्य के तहत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम एवं पाक्सो एक्ट विषय पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति सदस्य स्वाती पांडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे, परियोजना अधिकारी अनुराग दुबे, विधि परिवीक्षा अधिकारी गणेश भदोरिया, जिला बाल संरक्षण इकाई से शुभम बामने, संदीप कीर एवं चाइल्ड लाइन सदस्य रविराज राजपुत, दिव्या राजपुत, शुभम धार्मीक, आशीष जोशी एवं सीनर्जी संस्थान का स्टाफ एंव छात्राएं मौजूद थीं।

कार्यशाला में बाल संरक्षण अधिनियम के तहत गुड टच बेड टच तथा लैंगिक अपराधों से बचाव हेतु जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में बताया गया कि कोई भी छोटी से छोटी हरकत जो आपको असहज करती है, उसका तत्काल विरोध करें। इस दौरान छात्रों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी प्रदान की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी रंगारे ने कहा कि प्रत्येक बच्चों को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए। उन्होने इस दौरान महिला एवं बाल विकास की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यशाला में शाखा प्रभारी शुभम बामने ने विभाग द्वारा निःशुल्क संचालित सशक्त वाहिनी कक्षा के बारे में बताया एवं बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी।